दिन– शनिवार दिनांक– 15/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत। दो सौ दो सीटों पर दर्ज की जीत। महागठबंधन को केवल पैंतीस सीट मिली।

02. जदयू के कलाधर मंडल ने रूपौली सीट पर तिहत्तर हजार पांच सौ बहत्तर मतों के साथ सबसे बड़ी जीत हासिल की। संदेश सीट से राधा चरण साह सबसे कम सत्ताईस मतों के अंतर से जीते।

03. नई सरकार के गठन पर चर्चा के लिए आज पटना में एनडीए के घटक दलों की बैठक होने की सम्भावना।

04. और, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – चुनावों में मिली जीत विकास की राजनीति के लिए जनादेश है।

---

विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. ने 202 सीट जीतकर भारी बहुमत हासिल कर लिया है। निर्वाचन आयोग ने देर रात सभी 243 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए। भारतीय जनता पार्टी 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल यूनाइटेड, जदयू ने 85 सीट जीतीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को 19 सीट मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर ने पाँच सीट, जबकि उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीट हासिल की है।

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाले महागठबंधन को केवल 35 सीट ही मिली। इनमें राष्ट्रीय जनता दल को 25 सीट जबकि कांग्रेस को छह सीट, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी– मार्क्सवादी–लेनिनवादी (लिबरेशन) को दो सीट और मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी तथा भारतीय समावेशी पार्टी को एक–एक सीट मिली है। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन– ए.आई.एम.आई.एम. ने पाँच सीट जीतीं, जबकि बहुजन समाज पार्टी ने एक सीट जीती।

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव में कोई भी सीट हासिल करने में विफल रही।

गौरतलब है कि इस महीने की 6 और 11 तारीख को हुए दो चरण के चुनावों में राज्य में 69 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था।

विपक्ष से प्रमुख विजेताओं में राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और भाकपा–माले लिबरेशन के संदीप सौरव शामिल हैं।

---

प्रदेश में नई सरकार के गठन पर चर्चा के लिए आज पटना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों की एक अनौपचारिक बैठक होने की सम्भावना है। ऐसे संकेत हैं कि नीतीश कुमार रिकॉर्ड दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

---

विधानसभा चुनाव में नीतीश कैबिनेट के उनतीस मंत्रियों में एक मंत्री सुमित सिंह को चकाई से राजद की सावित्री देवी से हार का सामना करना पड़ा है। जीत हासिल करने वाले मंत्रियों में तारापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने निकटतम प्रत्याशी राजद के अरूण कुमार को पैंतालीस हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय सीट पर कांग्रेस के अमरेश कुमार को पराजित किया है। इसके साथ ही भाजपा कोटे के मंत्री मंगल पांडेय सीवान से, नितिन नवीन बांकीपुर, संजय सरावगी दरभंगा, केदार प्रसाद गुप्ता कुढ़नी, राजू कुमार सिंह साहेबगंज और सुरेन्द्र मेहता बछवाड़ा सीट से चुनाव जीत गये हैं। इसके अलावा जाले सीट से जीवेश मिश्रा, बिहारशरीफ से डॉक्टर सुनील कुमार, बेतिया से रेणु देवी और हरसिद्धि से कृष्णनंदन पासवान ने भी विजय प्राप्त की है। झंझारपुर विधानसभा सीट से नीतीश मिश्रा ने रिकॉर्ड छप्पन हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। छातापुर से नीरज कुमार सिंह बबलू, सिकटी से विजय मंडल, गया टाउन से प्रेम कुमार और अमनौर से कृष्ण कुमार मंटू ने जीत हासिल की है।

इधर, जदयू कोटे के मंत्री नालंदा से श्रवण कुमार, कल्याणपुर से महेश्वर हजारी, भोरे से सुनील कुमार, सरायरंजन से विजय कुमार चौधरी, फुलपरास से शीला कुमारी ने जीत हासिल की हैं। वहीं, बहादुरपुर से मदन सहनी और लेसी सिंह ने धमदाहा से चुनाव जीती हैं। सुपौल से बिजेन्द्र प्रसाद यादव, सोनबरसा से रत्नेश सादा, अमरपुर से जयंत राज और चैनपुर से जमा खान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया।

---

विधानसभा चुनाव में जदयू के कलाधर मंडल ने रूपौली विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक मतों से जीत हासिल की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को तिहत्तर हजार पांच सौ बहत्तर मतों से पराजित किया है। दूसरे स्थान पर भाजपा के संजीव चौरसिया है। उन्होंने ने पटना जिले की दीघा विधानसभा से उनसठ हजार उनासी मतों

के अंतर से सीपीआईएमएल की दिव्या गौतम को पराजित किया है। वहीं, सबसे कम मतों के अंतर से भोजपुर के संदेश विधानसभा क्षेत्र से जदयू उम्मीदवार राधा चरण साह ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराया है। इसके साथ ही रामगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के सतीश कुमार सिंह यादव तीस और अगिआवं विधानसभा क्षेत्र से महेश पासवान ने पंचानवे मतों के अंतर से जीत हासिल की है।

---

इस बार के विधानसभा चुनाव में कई रिकॉर्ड बने हैं। हरनौत सीट से जदयू उम्मीदवार हरिनारायण सिंह ने लगातार दसवीं बार लगातार जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया है। इधर, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने सुपौल से और प्रेम कुमार ने गया शहर से नौवीं बार विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया है। नालंदा से श्रवण कुमार ने आठवीं बार जीत हासिल की है।

---

विधानसभा चुनाव में इस बार अट्ठाईस महिला उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इनमें सबसे ज्यादा दस महिलाएं भाजपा से जीतीं हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

चुनाव में जदयू से नौ, लोजपा–रामविलास से तीन, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा से दो और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक महिला प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। वहीं, महागठबंधन ने राजद से तीन महिला विधायक विधानसभा पहुंचेगी। इस बार भाजपा के टिकट पर विजय प्राप्त करने वाली प्रमुख महिला प्रत्याशियों में पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी बेतिया से, जमुई से श्रेयसी सिंह, अलीनगर से लोक गायिका मैथिली ठाकुर, कोढा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव और छपरा से छोटी कुमारी शामिल हैं। वहीं, जदयू से जीत हासिल करने वाली महिला उम्मीदवारों में धमदाहा से मंत्री लेशी सिंह, केसरिया से शालिनी मिश्रा शुमार हैं। हम से इमामगंज सीट पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहु दीपा कुमारी और समधन ज्याति देवी बाराचट्टी से जीती हैं। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता ने सासाराम से जीत दर्ज की है। राजद से जीतने वाली महिला विधायकों में पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा प्रसाद की पौत्री करिश्मा वारिसलिगंज से अनिता देवी, चकाई से पूर्व विधायक सावित्री देवी शामिल हैं। इस चुनाव में कुल दो सौ पचपन महिला प्रत्याशी मैदान में थीं। इनमें बसपा ने सबसे अधिक छब्बीस, जन सुराज ने पच्चीस, राजद ने तेईस, जदयू ने तेरह, भाजपा ने बारह और रालोमो ने सात महिलाओं को टिकट दिया था। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार बीस के विधानसभा चुनाव में छब्बीस महिलाएं जीती थी। समाचार कक्ष से मैं डॉ0 सविता पारीक।

---

एनडीए ने सभी प्रमंडलों में प्रचंड जीत दर्ज की है। पटना और मगध प्रमंडल की सैंतालीस सीटों में से अड़तीस सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को सफलता मिली है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

नालंदा और अरवल में महागठबंधन का खाता भी नहीं खुल सका। कोसी और सीमांचल के इलाके में एकतालीस सीटों में से अठाईस सीटें एनडीए के खाते में गई है। सुपौल की सभी पांच और खगड़िया की सभी चार सीटों पर एनडीए के घटक दलों का कब्जा रहा है। इधर, मिथिलांचल और चंपारण की छियासी सीटों में से छिहत्तर सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बना दिया है। इस पूरे इलाके में पूर्वी चंपारण, दरभंगा, सीतामढ़ी की सभी

और शिवहर कीएक मात्र सीट पर एनडीए के घटक दलों ने जीत दर्ज की। पूर्वी बिहार में महागठबंधन दलों का सफाया हो गया। एनडीए गठबंधन ने इस इलाके की तेईस सीटों में से बाईस पर जीत का परचम लहरा दिया। महागठबंधन केवल जमुई के चकाई सीट पर जीत दर्ज कर सका। सारण और शाहाबाद के क्षेत्र में भी भाजपा, जदयू के नेतृत्व वाले गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस इलाके की छियालीस सीटों में से उनचालीस सीटों पर जीत दर्ज की है। भोजपुर और गोपालगंज में महागठबंधन का सफाया हो गया है। समाचार कक्ष से मैं अनुपम कुमार।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनावों में मिली जीत विकास की राजनीति के लिए एक जनादेश है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों ने भाई–भतीजावाद की राजनीति का बहिष्कार किया है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान करके लोकतंत्र और चुनाव आयोग में विश्वास जताने के लिए लोगों को बधाई दी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की जीत बताया।

———बाईट———

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रचंड जनादेश महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एनडीए की शानदार जीत के लिए बिहारवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सहयोग के लिए आभार जताया है। उन्होंने एनडीए के घटक दलों के प्रति भी आभार जताया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के लोगों के विश्वास की जीत है।

———बाईट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि बिहार के लोगों ने विकास के एजेंडे पर मतदान किया।

———बाईट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दलों के तालमेल के कारण प्रचंड जीत मिली है।

———बाईट———

---

राष्ट्र आज स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। केंद्र सरकार ने जनजातीय इतिहास को जीवित रखने के महत्व को ध्यान में रखते हुए पन्द्रह नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा चुनाव में जीत–हार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जनादेश, एनडीए की प्रचंड विजय, इंडिया का सूपड़ा साफ, दसवीं बार नीतीश कुमार।

दैनिक जागरण ने लिखा है– राजग की प्रचंड जीत, पैंतीस पर सिमटा महागठबंधन।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– सोच से भी बड़ी जीत। देसवा में बाल दिवस, बिहरवा में कमाल दिवस।

प्रभात खबर ने लिखा है– एनडीए छाया, भाजपा सबसे बड़ी पार्टी।

आज अखबार लिखता है– धर्म और जाति पर भारी पड़ी महिलाएं।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– एनडीए की आंधी में उड़ा महागठबंधन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत। दो सौ दो सीटों पर दर्ज की जीत। महागठबंधन को केवल पैंतीस सीट मिली।

02. जदयू के कलाधर मंडल ने रूपौली सीट पर तिहत्तर हजार पांच सौ बहत्तर मतों के साथ सबसे बड़ी जीत हासिल की। संदेश सीट से राधा चरण साह सबसे कम सत्ताईस मतों के अंतर से जीते।

03. नई सरकार के गठन पर चर्चा के लिए आज पटना में एनडीए के घटक दलों की बैठक होने की सम्भावना।

04. और, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – चुनावों में मिली जीत विकास की राजनीति के लिए जनादेश है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।